सरकारी रिक्त 55 दुकानों में 20 खाली, 35 पर दबंगों का कब्जा

नगर की करोड़ों रुपए की दुकानों से जुड़ा है मामला

नगर पालिका के कर्मचारियों की भूमिका भी संदिग्ध


कार्यालय- नगर पालिका परिषद टीकमगढ़ (म.प्र.)
https://nagarpalikatikamgarh.co.in, Email-cmotikamgarh@mpurban.gov.in
क्रमांक 1545 /सतत शाखा/ए.पी./2026 टीकमगढ़, दिनांक 15/5/26
नोटिस म्यादी 03 दिवस (तृतीय)
प्रति,
श्री/श्रीमति
टीकमगढ़ (म.प्र.)
विषय :- बकाया दुकान किराया राशि जमा करने के संबंध में।
संदर्भ :- 1. इस कार्यालय का नोटिस क्रमांक 120 दिनांक 08.01.2026
2. इस कार्यालय का नोटिस क्रमांक 1052 दिनांक 19.02.2026
विषयान्तर्गत जरिए नोटिस आपको सूचित किया जाता है कि, निबंध स्वामित्व की _____ सर्कल की दुकान नं. _____ जो कि जो आपके किराएदारी पर आवंटित है। उक्त दुकान की किराया राशि _____ बकाया है। पूर्व में आपको कई बार सूचनायें देने के उपरान्त भी आपके द्वारा उपरोक्त राशि जमा नहीं की जा रही है।
उपरोक्त के प्रसंग क्रमांक 06 दिनांक 23.12.2025 के अनुसार बकाया राशि जमा न किये जाने की स्थिति में आवंटन निरस्त किया जाकर पुनः नीलामी की कार्यवाही किये जाने की सूचना प्राप्त की गई है।

दरअसल दुकानों में हुए भ्रष्टाचार के मामले को लेकर नगर पालिका के अध्यक्ष अब्दुल गफ्फार की कुर्सी भी चली गई, लेकिन नपा के अधिकारी इसके बाद भी नहीं चेते। नगर में प्राइम लोकेशनों पर स्थित दुकानों पर दबंगों का कब्जा है और नगर पालिका के कर्मचारियों का इन दबंगों को साथ मिल रहा है। इसलिए इनके हौसले बुलंद है व यह दबंग अपनी दबंगई के चलते सरकारी दुकानों पर कब्जा कर उन्हें नुकसान पहुंचाने का काम कर रहे हैं।

अब हम आपको विस्तार से बतातें है कि किस इलाके में कितनी दुकानों पर कब्जा किया गया है। इनमें कटरा बाजार में 1 दुकान, गांधी बाजार चतुर्भुज स्टूडियो के ऊपर दुकान नंबर 15,16,19 एवं 25 पर कब्जा जमाया गया है, यहां सबसे अहम बात देखने को यह मिली कि जिन दुकानों को नगर पालिका ने रिक्त बताया है, वहां नगर पालिका के कर्मचारियों ने नोटिस भी चस्पा कर दिए। जबकि इस नोटिस में न तो किसी दुकान का नंबर, नाम एवं राशि का उल्लेख नहीं किया गया। यह साफ जाहिर करता है कि किसी दबंग को फायदा पहुंचाने के लिए नपा के कर्मचारियों ने रिक्त दुकानों पर नोटिस लगाकर यह भ्रम फैलाना चाहा कि यह दुकानें खाली नहीं है, जबकि नपा के ही रिकॉर्ड में इन दुकानों को रिक्त बताया गया है।

इसके साथ ही राजेन्द्र पार्क के पास स्थित एक दुकान है, कॉपरेटिव बैंक के बगल में प्रथम तल की दुकान भी शामिल है। इसका अता-पता नहीं कि यह दुकानें कहां है और नपा के कर्मचारी जानकारी देने को तैयार नहीं हैं। इसके पीछे क्या कारण है यह तो नपा के कर्मचारी प्रवेन्द्र कुशवाहा ही बता पाएंगे, क्योंकि इस पूरे मामले में इनकी भूमिका पर अब सवाल खड़े होने लगे हैं।

वहीं अब बात कर लेते पुराने बस स्टेण्ड की यहां कुल 13 दुकानें रिक्त हैं, परन्तु उनमें से मांस मंडी के ठीक सामने वाली रिक्त पड़ी दुकानों पर लोगों ने जबरन कब्जा किया है और वहां से मांस बेचने का कारोबार धड़ल्ले से जारी है। यह दुकानों भी अगर नीलाम होंगे, तो लाखों रुपए का फायदा नपा को हो सकता है। नए बस स्टेण्ड पर कुछ 21 दुकानें हैं, जिनमें 20 पूर्ण रूप से खाली पड़ी है, जबकि एक 8 नंबर दुकान पर किसी मिस्त्री का कब्जा है। राजेन्द्र अस्पताल की छत वाली दुकान पर भी कब्जा है। साथ ही संयुक्त कार्यालय के सामने स्थित दुकानों पर दबंगों ने कब्जा कर उन्हें उप किराएदारी पर दे रखा है। यहां अवैध रूप से उप किराएदारी के रूप में कुछ दबंग बसूली करके अपनी जेब भर रहे हैं, जबकि यह सारी दुकानें नगर पालिका द्वारा रिक्त सूची में शामिल हैं।

इसके साथ ही आगे ताल दरवाजा की बात करें, तो यहां दुकान नंबर 11 पर भी अवैध कब्जा है। रौरईया क्षेत्र की सीनियर बेसिक स्कूल के सामने दुकान नंबर 2, 3, एवं 4 पर जबरन कब्जा किया गया है। अब इन कब्जाधारियों को किसका संरक्षण है यह तो भगवान ही जाने, लेकिन शासन की करोड़ों रुपए की सरकारी संपत्ति को यह कब्जाधारी अब अपना मान चुके हैं।

कार्यवाही का आश्वासन

हालांकि पूरे मामले में सीएमओ ओमपाल भदौरिया ने जांच की बात कही है और कार्यवाही का आश्वासन दिया है, परन्तु उनकी जांच वाली बातें सही साबित नहीं होती और जांच के नाम पर मामले को ठंडे बस्ते में डाल दिया जाता है। इससे पहले भी उन्होंने अवैध रूप से गैलरी पर अतिक्रमण मामले में भी जांच के लिए कहा लेकिन नतीजा शून्य निकला।

मामला बड़ा गंभीर है : कलेक्टर

इस मामले को लेकर कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय ने भी चिंता जाहिर की है, उन्होंने माना है कि यह मामला बड़ा गंभीर है. उन्होंने कहा है कि इस मामले को लेकर नगर पालिका के सीएमओ से पत्राचार कर कार्यवाही कराएंगे। करोड़ों रुपए की दुकानों पर किसका कब्जा है इसकी जानकारी लेकर आगे की कार्यवाही को अंजाम दिया जाएगा। शासन को राजस्व का नुकसान नहीं होने देंगे चाहे उसके लिए कितनी भी ठोस कार्यवाही करना पड़े।

धर्मनगरी में चातुर्मास का मंगलमय कार्यक्रम

नवभारत न्यूज

टीकमगढ़। धर्मनगरी टीकमगढ़ में वर्ष 2026 का चातुर्मास अत्यंत भव्य एवं मंगलमय स्वरूप में दो स्थानों पर संपन्न होगा। यह समस्त जैन समाज के लिए गौरव, सौभाग्य और धार्मिक उल्लास का विषय है।

धर्म प्रभावना समिति के अध्यक्ष नरेंद्र जनता ने जानकारी देते हुए बताया कि सिविल लाइन रोड स्थित नंदीश्वर कॉलोनी दिगंबर जैन मंदिर में परम पूज्य आर्यिका 105 ओमश्री माताजी ससंघ का चातुर्मास होगा। जिसके लिए पूरी नंदीश्वर कॉलोनी जैन समाज ने माता जी को श्रीफल भेंट किया एवं माताजी ने स्वीकृति भी दे दी है विशेष बात यह है कि पूज्य माताजी की जन्मस्थली भी टीकमगढ़ ही है।

वहीं 1008 पार्श्वनाथ दिगंबर जैन बाजार मंदिर में परम पूज्य गणिनी आर्यिका 105 विशा श्री माताजी ससंघ का चातुर्मास संपन्न होगा।

जनता जी ने कहा कि एक ही नगर में दो स्थानों पर चातुर्मास का आयोजन होना पूरे जैन समाज एवं टीकमगढ़ नगर के लिए अत्यंत गौरव और इस पुण्यभूमि के सौभाग्य का प्रतीक है। इससे नगर में धार्मिक गतिविधियों, प्रवचनों, स्वाध्याय, तप एवं आध्यात्मिक आयोजनों का व्यापक वातावरण निर्मित होगा। जैन परंपरा के अनुसार वर्षा ऋतु के चार महीनों में जैन साधु-साध्वियां एक ही स्थान पर निवास करते हैं। इसका प्रमुख उद्देश्य अहिंसा का पालन है। वर्षा ऋतु में असंख्य सूक्ष्म जीव-जंतु उत्पन्न होते हैं। ऐसे समय में निरंतर पैदल विहार करने से अनजाने में जीव हिंसा की संभावना रहती है।

स्थानांतरण के बावजूद नहीं हो रहे कार्यमुक्त

नवभारत न्यूज

जतारा। वन मंडल टीकमगढ़ के अंतर्गत करमौरा वन परिक्षेत्र में पदस्थ डिप्टी रेंजर चऊदे प्रसाद सौर का वर्ष 2025 में करमौरा वन परिक्षेत्र से पनियाराखेरा वन परिक्षेत्र, टीकमगढ़ स्थानांतरण आदेश जारी हुआ था। आरोप है कि आदेश के बावजूद आज तक उन्हें कार्यमुक्त रिलीव नहीं किया गया।

स्थानीय स्तर पर यह भी चर्चा है कि जिले की प्रभारी मंत्री एवं राज्य मंत्री के निर्देशों के बाद भी स्थानांतरण आदेश का पालन नहीं हुआ। इसे लेकर वन मंडल टीकमगढ़ के अधिकारियों की कार्यप्रणाली पर सवाल उठ रहे हैं।

इधर, आसपास के ग्रामीणों का आरोप है कि लंबे समय से एक ही स्थान पर पदस्थ रहने के कारण क्षेत्र में वन भूमि पर अतिक्रमण, अवैध गतिविधियों और नियमों की अनदेखी बढ़ी है। ग्रामीणों के अनुसार क्षेत्र में वन भूमि पर अतिक्रमण, अवैध मुरम उत्खनन, पत्थर का अवैध उत्खनन तथा हरे-भरे पेड़ों की कटाई कर वन भूमि को खेती योग्य बनाने जैसी गतिविधियां लगातार हो रही हैं। ग्रामीणों का कहना है कि इन मामलों की कई बार शिकायत किए जाने के बावजूद प्रभावी कार्रवाई नहीं हुई। उनका आरोप है कि यदि समय पर स्थानांतरण आदेश का पालन होता और निगरानी सख्त रहती तो सुधार हो जाएगा।

तकनीक विषय पर सलाह

नवभारत न्यूज टीकमगढ़। उत्पादन तकनीक और भोजन में उनके महत्व पर किसानों को सलाह दी गई हैं।

केंद्र के प्रधान वैज्ञानिक एव प्रमुख डॉ. बीएस किरार, केंद्र के वैज्ञानिक डॉ.एसके जाटव द्वारा धान्य बाजरा, ज्वार, रागी, साँवा, कोदो, कंगनी, कुटकी, चीना आदि की वैज्ञानिक खेती के प्रमुख बिंदुओं अपना कर इनकी जैविक या प्राकृतिक खेती अर्थात् बिना रासायनिक उर्वरक और दवायों की खेती करने की सलाह दी।

नई गाइडलाइन तैयार करने का आग्रह

नवभारत न्यूज

टीकमगढ़। जमीन और प्लाट की रजिस्ट्री दरें बढ़ने पर राजनीतिक विरोध सामने आया है। कांग्रेस विधायक यादवेंद्र सिंह बुंदेला ने रविवार को कलेक्टर को पत्र लिखकर जिला मूल्यांकन समिति की बैठक में दरों पर पुनर्विचार करने और उन्हें घटाने की मांग की है। उन्होंने नई गाइडलाइन तैयार करने का भी आग्रह किया है।

विधायक का कहना है कि जिला मूल्यांकन समिति ने वर्ष 2026-2027 के लिए रजिस्ट्री दरों में बिना पर्याप्त आधार के वृद्धि की है। उनके अनुसार यह निर्णय जनप्रतिनिधियों को विश्वास में लिए बिना लिया गया है।उन्होंने बताया कि जिले के कई क्षेत्रों में रजिस्ट्री दरों में 200 से 900 प्रतिशत तक की बढ़ोतरी दर्ज की गई है, जबकि पिछले वर्षों में यह वृद्धि 10 से 20 प्रतिशत के बीच रही है।

संस्था स्तर पर काउंसिलिंग प्रक्रिया

नवभारत न्यूज टीकमगढ़। शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय में शैक्षणिक सत्र 2026-27 हेतु डिप्लोमा पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए ऑनलाइन काउंसलिंग की संस्था स्तर पर काउंसिलिंग प्रवेश की प्रक्रिया प्रारम्भ हो गई है।

संचालनालय तकनीकी शिक्षा, मध्यप्रदेश द्वारा जारी समय-सारणी के अनुसार इच्छुक अभ्यर्थी 4 जुलाई से 12 अगस्त तक ऑनलाइन पंजीयन एवं पंजीयन निरस्तीकरण की प्रक्रिया पूर्ण कर सकते हैं। महाविद्यालय से इसकी जानकारी ली जा सकती है।

मान्यता प्राप्त करने के लिए करें आवेदन

नवभारत न्यूज

टीकमगढ़। 2026-27 के लिए अशासकीय विद्यालयों की मान्यता नवीनीकरण एवं नवीन मान्यता प्राप्त करने हेतु ऑनलाइन आवेदन लॉक करने की अंतिम तिथि बढ़ाकर 10 जुलाई निर्धारित की गई है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार पूर्व में मान्यता आवेदन की अंतिम तिथि 31 दिसम्बर 2025 निर्धारित की गई थी, जिसे बढ़ाकर 20 जनवरी 2026 किया गया था। इसके बावजूद कुछ अशासकीय विद्यालयों द्वारा निर्धारित समय-सीमा में ऑनलाइन आवेदन लॉक नहीं किए जा सके हैं। छात्रहित को दृष्टिगत रखते हुए विलंब शुल्क सहित आवेदन लॉक करने की अंतिम तिथि में पुनः वृद्धि कर 10 जुलाई 2026 निर्धारित की गई है। संबंधित अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि 10 जुलाई 2026 के बाद मान्यता आवेदन की अंतिम तिथि में किसी प्रकार की वृद्धि नहीं की जाएगी तथा अन्य सभी निर्देश पूर्ववत प्रभावशील रहेंगे। शिक्षा के अधिकार नियमों के अनुसार यदि कोई विद्यालय निर्धारित समयावधि में विहित प्रक्रिया के अनुरूप ऑनलाइन आवेदन प्रस्तुत नहीं करता है।

मछली शिकार प्रतिबंधित

नवभारत न्यूज टीकमगढ़। मध्यप्रदेश राज्य में मध्य प्रदेश नदीय मत्स्योद्योग नियम के अंतर्गत 16 जून से 15 अगस्त तक की अवधि को बंद ऋतु के रूप में घोषित किया गया है।

मत्स्य विक्रय, मत्स्य विनिमय एवं परिवहन करना भी प्रतिबंधित है एवं संज्ञेय दण्डनीय अपराध है। इस नियम का उल्लंघन करने पर मध्यप्रदेश राज्य मत्स्य क्षेत्र संशोधित अधिनियम के तहत उल्लंघनकर्ता को एक वर्ष का कारावास या 5 हजार अथवा दोनों से दण्डित किया जाएगा।

सुमन पंचायत योजना का शुभारंभ

नवभारत न्यूज

टीकमगढ़। मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य को सुदृढ़ बनाने तथा स्वास्थ्य सेवाओं में जनभागीदारी को बढ़ावा देने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने भोपाल स्थित आरसीवीपी नरोन्हा प्रशासन एवं प्रबंधकीय अकादमी में गत दिवस आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम में सुरक्षित मातृत्व आश्वासन सुमन पंचायत योजना का शुभारंभ किया गया है।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया कि योजना के अंतर्गत ऐसी ग्राम पंचायतों को एक लाख रुपये की प्रोत्साहन राशि एवं प्रशस्ति-पत्र प्रदान किया जाएगा, जहां एक वर्ष की अवधि में शून्य मातृ मृत्यु, पाँच वर्ष से कम आयु के बच्चों की शून्य मृत्यु तथा खसरा मीजल्स एवं रूबेला के शून्य प्रकरण दर्ज होंगे।उन्होंने बताया कि यह योजना सुरक्षित मातृत्व, संस्थागत प्रसव, नियमित टीकाकरण, उच्च जोखिम वाली गर्भावस्थाओं की समय पर पहचान, बच्चों के बेहतर पोषण तथा ग्राम स्तर पर स्वास्थ्य सेवाओं में समुदाय की सक्रिय भागीदारी को प्रोत्साहित करेगी।

मोहनगढ़ क्षेत्र में हो रही पेड़ों की अवैध कटाई

नवभारत न्यूज

मोहगनढ़। मोहनगढ़ और दिगोड़ा के आसपास के क्षेत्रों में वर्षों पहले लगाए गए पौधे, जो अब बड़े वृक्षों का रूप ले चुके हैं, उनकी लगातार कटाई किए जाने का मामला सामने आ रहा है। स्थानीय नागरिकों एवं पर्यावरण प्रेमियों का आरोप है कि बिना पर्याप्त निगरानी के हरे-भरे पेड़ों को काटा जा रहा है, जबकि संबंधित वन विभाग इस पूरे मामले में मौन बना हुआ है।

दिगोड़ा वन क्षेत्र की सीमा बरेठी और बिजरावन के आसपास बाले पले पुसे पेड़ों पर कुलहड़ियां चलाई जा रही हैं और वन विभाग के जिम्मेवार अंजान बने हुए हैं। ग्रामीणों का कहना है कि शासन द्वारा लाखों रुपये खर्च कर वृक्षारोपण अभियान चलाए जाते हैं। अधिकारियों और सामाजिक संगठनों की मौजूदगी में

पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया जाता है, लेकिन जब यही पौधे वर्षों बाद वृक्ष बनते हैं तो उनकी सुरक्षा सुनिश्चित नहीं हो पाती।

आज होगी टीएल की बैठक आयोजित

नवभारत न्यूज टीकमगढ़। जिले के कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट के सभाकक्ष में टीएल की बैठक आहूत की जाएगी। जिसमें अधिकारियों को द्वारा आवश्यक निर्देश दिए जाएंगे।

प्रत्येक सोमवार की तरह आज सोमवार को प्रदेश शासन के निर्देशानुसार कलेक्ट्रेट के सभाकक्ष में समय सीमा की बैठक का आयोजन किया जएगा। बैठक की अध्यक्षता जिला कलेक्टर करेंगे। बैठक में विकास कार्यो की समीक्षा होगी।

85 प्रतिशत बादल छाए रहने की संभावना

नवभारत न्यूज

टीकमगढ़। आगामी 5 दिनों के दौरान जिले में हल्की से मध्यम वर्षा तथा कहीं-कहीं भारी वर्षा होने की संभावना को देखते हुए कृषि वैज्ञानिकों ने किसानों को खरीफफसलों की बुवाई प्रारंभ करने की सलाह दी है। किसानों से कहा गया है कि वे कम अवधि वाली उन्नत एवं कम पानी में तैयार होने वाली सोयाबीन, उड़द, मूंग, मूंगफली तथा तिल जैसी फसलों के गुणवत्तायुक्त बीजों की व्यवस्था कर कूड़-नाली विधि से बुवाई करें।

कृषि वैज्ञानिकों के अनुसार आगामी दिनों में आसमान में 75 से 85 प्रतिशत तक बादल छाए रहने, बिजली चमकने तथा 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चलने की संभावना है। इस दौरान अधिकतम तापमान 32 से 33 डिग्री सेल्सियस तथा न्यूनतम तापमान 23 से 24 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहने का अनुमान है।किसानों को सलाह दी गई है कि बुवाई से पूर्व बीजोपचार अवश्य करें। इसके लिए प्रति किलोग्राम बीज पर 2 ग्राम थायरम एवं 1 ग्राम कार्बेंडाजिम का उपयोग करे।

दोपहर बाद देर शाम तक हुई जोरदार बारिश

नवभारत न्यूज

टीकमगढ़। जिले में रविवार को मानसून सक्रिय हो गया है। पिछले दिनों के दौरान तहसील में 45 मिलीमीटर डेढ़ इंच से अधिक बारिश दर्ज की गई। बारिश और बादलों के कारण अधिकतम तापमान 2 डिग्री सेल्सियस घटकर 34 डिग्री पर पहुंच गया, जिससे लोगों को गर्मी से राहत मिली।

मौसम विभाग के अनुसार, अगले तीन से चार दिनों तक जिले में मानसून सक्रिय रहेगा। इस दौरान गरज-चमक के साथ तेज बारिश की संभावना जताई गई है। पिछले 24 घंटे में खरगापुर और जतारा तहसील में हल्की बूंदाबांदी हुई, जबकि मोहनगढ़, लिधौरा और पलेरा में बारिश नहीं हुई। जिले में अब तक 1.4 इंच औसत बारिश दर्ज की गई है, जो पिछले साल इसी अवधि तक हुई 16.6 इंच बारिश की तुलना में 15 इंच कम है। बारिश शुरू होते ही किसानों ने खरीफ फसलों की बुवाई शुरू कर दी है। किसान शोभाराम यादव ने बताया कि बारिश में देरी के कारण सोयाबीन की बुवाई का समय निकल गया है। अब उड़द, मूंग, तिल और मूंगफली जैसी फसलों की बुवाई की जा सकती है।

मच्छरों के प्रकोप से लोग परेशान

नवभारत न्यूज टीकमगढ़। शहर में भले ही स्वच्छता के नाम पर नगर पालिका ढिंढौरा पीट रही हो, परन्तु नगर के कई स्थानों की नालियों में मच्छर पनप रहे है। लोंगों ने नालियों में कीटनाशक दवा छिड़काव करने की मांग की है।

शिकायत उपसरपंच ने सीईओ से की शिकायत

ग्राम पंचायत गुखरई के विकास कार्यों की जांच की मांग

नवभारत न्यूज

खरगापुर। ग्राम पंचायत गुखरई में विकास कार्यों के नाम पर शासकीय राशि के दुरुपयोग का गंभीर मामला सामने आया है। उपसरपंच रामकिशन लोधी ने जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी को लिखित शिकायत सौंपकर निष्पक्ष जांच की मांग की है। चबूतरा निर्माण में हेरफेर का आरोप लगाते हुए बताया कि लगभग 1.40 लाख रुपये की लागत से स्वीकृत नवीन चबूतरे के स्थान पर पुराने चबूतरे की ही पुताई करवाकर पूरी राशि निकाल ली गई।

जानकारी के अनुसार शिकायत में बताया गया कि पंचायत में कराए गए नाली निर्माण कार्य में मजदूरों के बजाय जेसीबी मशीन का उपयोग किया गया, जिसके वीडियो साक्ष्य होने का दावा उपसरपंच ने किया है। शिकायत में कार्य की तकनीकी गुणवत्ता के लिए जिम्मेदार उपयंत्री व अन्य संबंधितों की भूमिका की जांच कर माप पुस्तिका एवं भुगतान अभिलेखों को खंगालने तथा दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने की मांग की गई है। ग्राम पंचायत गुखरई में विकास कार्यों के नाम पर सरकारी खजाने को चूना लगाने का एक सनसनीखेज मामला सामने आया है। पंचायत में भ्रष्टाचार और वित्तीय अनियमितताओं की हद पार करते हुए पुराने चबूतरे की सिर्फ पुताई करा दी गई और उसे नया निर्माण दिखाकर करीब 1.40 लाख रुपये की राशि डकार ली गई।

इतना ही नहीं, मजदूरों का हक मारते हुए नाली निर्माण में धड़ल्ले से जेसीबी मशीन का उपयोग किया गया। इस पूरे फर्जीवाड़े को लेकर ग्राम पंचायत के उपसरपंच रामकिशन लोधी ने जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी को लिखित शिकायत सौंपकर निष्पक्ष जांच की मांग की है।

पुराने चबूतरा के नाम पर हेरफेर

जमीन पर पुराना चबूतरे के नाम पर खेल जनपद पंचायत बल्देवगढ़ के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत गुखरई से भ्रष्टाचार की यह बड़ी तस्वीर सामने आई है। उपसरपंच रामकिशन लोधी द्वारा सीईओ को सौंपी गई शिकायत में आरोप लगाया गया है कि पंचायत क्षेत्र में करीब 1.40 लाख रुपये की लागत से एक नया चबूतरा स्वीकृत किया गया था।

12 अगस्त तक निरस्तीकरण की प्रक्रिया जारी

नवभारत न्यूज

टीकमगढ़। शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय, टीकमगढ़ में शैक्षणिक सत्र 2026-27 हेतु डिप्लोमा पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए ऑनलाइन काउंसलिंग की संस्था स्तर पर काउंसिलिंग प्रवेश की प्रक्रिया प्रारम्भ हो गई है। संचालनालय तकनीकी शिक्षा, मध्यप्रदेश द्वारा जारी समय-सारणी के अनुसार इच्छुक अभ्यर्थी 4 जुलाई से 12 अगस्त तक ऑनलाइन पंजीयन एवं पंजीयन निरस्तीकरण की प्रक्रिया पूर्ण कर सकते हैं।

महाविद्यालय में वर्तमान में कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग, मैकेनिकल इंजीनियरिंग तथा इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग जैसे रोजगारोन्मुखी डिप्लोमा पाठ्यक्रम संचालित हैं। इन पाठ्यक्रमों के माध्यम से विद्यार्थियों को आधुनिक तकनीकी ज्ञान, प्रायोगिक प्रशिक्षण तथा उद्योगों की आवश्यकता के अनुरूप कौशल विकास का अवसर प्रदान किया जाता है। महाविद्यालय में अनुभवी संकाय सदस्य, आधुनिक प्रयोगशालाएँ, कंप्यूटर लैब, पुस्तकालय, इंटरनेट सुविधा तथा उत्कृष्ट शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध है। साथ ही विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास हेतु तकनीकी, सांस्कृतिक एवं खेल गतिविधियों का नियमित आयोजन भी किया जाता है।